तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 मार्च 2025

14 रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण लेने में जुटीं छात्राएं



12 एक करोड़ 67 लाख के स्रोत को लेकर पुलिस के ...





## खबर संक्षेप

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने दी होली की शुभकामनाएं

**अंडा।** प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने होलिका दहन एवं होली के पावन अवसर पर सभी



प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उनके सुखी व समृद्धिशाली जीवन की कामना की है। श्री साहू ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि होलिका की पवित्र अग्नि में आप सभी के सारे कष्ट और समस्याएं जल कर नष्ट हो जाएं। साथ ही उन्होंने होली की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हमारे भारतीय संस्कृती का प्रमुख पर्व है, जो लोगों के जीवन में खुशी, उत्साह व उमंग का संचार करता है। उमंग और उत्साह से परिपूर्ण यह रंगोत्सव आपके जीवन में खुशियों के नए रंग भरे और आप सभी जीवन में नित नई सफलता अर्जित करें, यही ईश्वर से मेरी कामना है।

### पूर्व मंत्री रमशीला ने दी होली की शुभकामनाएं

**अंडा।** प्रदेश की पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने रंगों के महापर्व



होली की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में श्रीमती साहू ने कहा कि होली भारतीय सभ्यता, संस्कृति और परम्परा का प्रमुख पर्व है। गुलाल के रंग, मिठाइयां और हर्षोल्लास इसके प्रतीक हैं। साथ ही होलिका दहन का पावन पर्व हमें अधर्म, असत्य एवं अन्याय जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से लड़ने की भी प्रेरणा देती है। रमशीला साहू ने कहा कि विविध रंगों और अपनेपन से परिपूर्ण यह पर्व आप सभी छत्तीसगढ़ वासियों के लिए आनंद, खुशी और प्रसन्नता का संवाहक बने।

### फाग गायन, नृत्य एवं झांकी प्रतियोगिता 15 को

**डौंडीलोहारा।** इस वर्ष भी 15 मार्च को समीप के ग्राम संबलपुर खरखरा में फाग गायन, नृत्य एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न मंचस्थ मंडलियों की नयनाभिराम प्रस्तुति देखने का आनंद मिलेगा। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001, तृतीय 4001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001, पंचम पुरस्कार 2001, षष्ठम पुरस्कार 1001 रुपए की राशि रखी गयी है। इसी तरह आकर्षक पुरस्कार की श्रेणी में अनुशासन, वेशभूषा, संगीत, नृत्य, गायन, वादन एवं झांकी रखी गई है। प्रत्येक में 701 रुपए की राशि रखी गई है। फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता की लोकप्रियता आस पास के क्षेत्र में काफी मशहूर है। उपरोक्त जानकारी कुलेश्वर निषाद, सुभे सोनबोईर, उसेन पटेल, देवराज रात्रे ने दी।

### पसौद में दो दिवसीय फाग गीत सम्मेलन 16 एवं 17 को

**लाटाबोड़।** कृष्ण फाग सम्मेलन समिति एवं समस्त ग्रामवासी पसौद(हल्दी)के तत्वावधान में दो दिवसीय फाग गीत सम्मेलन का आयोजन 16 एवं 17 मार्च को रखा गया है। समिति के अध्यक्ष राकेश साहू ने बताया प्रथम दिवस मंचस्थ होने वाले मंडली श्रीकृष्ण सावन के बरसा लोक कला फाग एवं रामधुनी परिवार चेन्द्रीबन नवागांव, हमर जहुंरिया फाग परिवार ग्राम सुरेगांव (अर्जुदा), जय मां शीतला जस एवं फाग परिवार ग्राम खल्लारी (गुजरा) है। समिति के संचालक धन्नू राम निषाद ने बताया की इसी तरह दूसरे दिवस होने वाले मंचस्थ मंडली में आदर्श नव युवा फाग परिवार मंडली पडकीभांट (सनौद), हरि मनमोहना फाग मंडली देवी नावागांव (बालोद), श्रीकृष्ण सखा फाग एवं जस झांकी परिवार फरदफोड़ (देवरी बंगला), जय मां शीतल शीतला फाग मंडली लखोली (राजनांदगांव), रागरंग रतनु फाग परिवार भाठा बिरेझर जिला दुर्ग वाले मंडलिया प्रस्तुति देंगी।

## मदिरा दुकानों में लगा मेला, सभी स्टाक की जुगाड़ में







**बेमेतरा।** होलीका दहन के दिन ओर होली खेलने की पूर्व संध्या पर जिले की शराब दुकानों पर जमकर शौकीनों का मेला लगा रहा । जिले की हर मदिरा दुकानों में रेला का नजारा देखने मिला। 14 मार्च शराब दुकानें बंद होने के चलते मदिरा के शौकीन प्रेमी स्टॉक करने दुकानों पर टूट पड़े। हालत यह रहा कि कई स्थानों में पुलिस को बुलाना पड़ा। उल्लेखनीय हो कि पिछले वर्ष 2024 में मार्च माह में होली पर्व मनाया गया। जिसमें आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार 23 और 24 मार्च होलिका दहन और होली व तीसरे दिन 26 मार्च इन 3 दिनों में 9 करोड़ 45 लाख की देसी और विदेशी शराब की बिक्री किया गया था ! जिनमें 23 मार्च को दो करोड़ 95 लाख, 24 मार्च 4 करोड़ 65 लाख वही 26 मार्च को एक करोड़ 85 लाख रुपए कि शराब मदिरा प्रेमियों ने जिले की दुकानों से खरीद थे ! इस तरह जिले के शराब शौकीनों ने इन 3 दिनों में जहां 9 कोड 45 लाख की शराब को गटक गए थे।

### कार्यक्रम : कलेक्टर चंद्रवाल ने की पानी की बर्बादी रोकने की अपील

# जीवन बचाने पानी बचाना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि पानी मनुष्य सहित संपूर्ण जीव जगत के जीवन की रक्षा हेतु अत्यंत आवश्यक एवं अनमोल है। उन्होंने आम जनता से वर्तमान समय में जीवन की रक्षा तथा आने वाले पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए पानी का संरक्षण एवं संवर्धन करने की अपील भी की।

- ग्राम डांडेसरा में जल जतन पखवाड़ा का किया गया आयोजन

कलेक्टर चन्द्रवाल जिला प्रशासन द्वारा बालोद जिले में आज 12 मार्च से 21 मार्च तक चलाए जा रहे जल जतन अभियान के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के ग्राम डांडेसरा में आयोजित जल जतन पखवाड़ा के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। चन्द्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत गुरूर के अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू एवं जनपद सदस्य डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, संध्या अजेन्द्र, पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी, ग्राम पंचायत के सरपंच तोमन लाल साहू सहित







अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने अधिकारियों के साथ ग्रामीणों के घरों में पहुँचकर एवं गली मोहल्ले में चलकर ग्राम डांडेसरा में पानी के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्राम डांडेसरा में जल जतन अभियान के अंतर्गत बनाए गए सोख्ता गड्ढा, मैजिक पीट आदि का अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभान्वित हितग्राहियों के घरों में पहुँचकर हर घर नल अभियान के अंतर्गत पानी की समुचित आपूर्ति की भी जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को अपने आवश्यकतानुसार पानी का उपयोग करने के पश्चात नल को बंद करने की समझाईश भी दी। उल्लेखनीय है कि जिले के गुरूर विकासखण्ड में भूजल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण पूरे राज्य में भूजल की उपलब्धता की दृष्टि से गुरूर विकासखण्ड को क्रिटिकल जोन में रखा गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा गुरूर विकासखण्ड एवं जिले के भूजल स्तर में वृद्धि करने की दृष्टि से 12 मार्च से 21 मार्च तक जल जतन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### पानी के बिना जीवन की कल्पना भी असंभव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि पानी के बिना हम मनुष्यों के अलावा सभी जीव-जंतुओं की जीवन की परिकल्पना करना सर्वथा असंभव है। इसलिए हमारे जीवन को सुरक्षित रखने तथा आने वाले बेहतर भविष्य के लिए पानी का संरक्षण एवं संवर्धन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने गुरूर ब्लॉक के सभी नागरिकों को जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जल जतन पखवाड़ा में अपनी अमूल्य सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की।

### फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने जीवन में पानी के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए सभी को पानी के बचाव के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को कहा। कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू एवं अन्य अतिथियों ने भी संबोधित करते हुए ग्रामीणों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान देने तथा जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जल जतन पखवाड़ा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम का स्वागत भाषण जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकार उमेश रात्रे एवं आभार प्रदर्शन सरपंच तोमन लाल साहू ने किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के द्वारा फसल चक्र परिवर्तन के कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित भी किया गया।

## पत्नी की टंगिया मारकर हत्या के बाद पति ने की आत्महत्या की कोशिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौंडी थाना क्षेत्र के मरकाटोला गांव में होली के एक दिन पहले होलिका दहन के दिन पति ने पत्नी का घरेलू विवाद के कारण टंगिया से वार कर हत्या कर दी। वहीं, हत्या के बाद स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

- डौंडी थाना क्षेत्र के मरकाटोला गांव की घटना

इस घटना की सूचना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई है। जानकारी के अनुसार, मृतका का नाम यसोदा बाई गावड़े है, जबकि आरोपी पति का नाम आत्मा राम गावड़े बताया जा रहा है। घरेलू विवाद के चलते आत्मा राम ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

इसके बाद उसने खुद भी फांसी लगाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने समय रहते उसे फंदे से उतारकर तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। बता दें कि घटना की जानकारी मिलते ही 108 की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में आरोपी पति को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही डौंडी थाना पुलिस पहुंचकर घटना स्थल पर पड़ी महिला की लाश को जब्त कर मामले की जांच में जुट गई है।

## गुण्डरदेही में साहू समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

### नेतराम सेन और उनकी मंडली ने गीतों की दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तहसील साहू समाज गुण्डरदेही द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन साहू सदन में किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य मीना साहू का सम्मान किया गया, जिन्होंने राजनीतिक जीवन में सफलता के लिए सभी का आभार माना।

अर्जुंदा तहसील अध्यक्ष उमाशंकर साहू ने कहा कि परस्पर प्रेम और परोपकार का फल अवश्य मीठा होता है। डॉ मानसिंह सर्वा ने बताया कि समाज के सहयोग से 9 डिसमिल प्लाट खरीदा गया है, जिसके लिए प्रत्येक साहू परिवार से 300 एवं सक्षम व्यक्ति से स्वेच्छानुदान के रूप में दान लिया गया है। इस तरह अभी





तक समाज को लगभग 30 लाख रुपए प्राप्त हो चुके हैं। समाज के सचिव किशन लाल साहू ने वार्षिक आय व्यय का विवरण पढ़कर सुनाया। समाज के संरक्षक केशवराम साहू ने कहा कि बड़ा से बड़ा कठिन कार्य सूझबूझ एवं सक्रिय रहकर संगठन के माध्यम से किया जा सकता है। समाज के दानवीर भामाशाह के कारण अब तक कुल 30 डिसमिल जमीन खरीदी गई है। प्रसिद्ध भाग मंडली मुंदेरा के आल्हा गायक नेतराम सेन एवं उनके साथी कलाकारों ने भक्तिपूर्ण गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर हर्बल गुलाल बनाने वाली रागनी साहू ग्राम सिरसिदा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में तहसील साहू समाज के उपाध्यक्ष हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप कुल्हारे, सचिव राजेंद्र साहू, टीकम सिंह, कल्याण, विरेंद कुमार, मकसूदन, मोहनलाल, ज्ञानेश्वर, नरेंद्र कुमार, भीखाराम, मोतीलाल, नाथूराम, शशि कुमार, महिला कार्यकर्ता केशरी साहू, कविता साहू एवं ग्रामीण तथा परिक्षेत्र के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शाला त्यागी बच्चों को दी गई स्टेशनरी...





**बालोद।** जिले के बालोद ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला गंजपारा एवं शासकीय कन्या प्राथमिक शाला क्रमांक एक बालोद में शाला त्यागी बच्चों को स्टेशनरी किट संस्था द्वारा दिया गया एवं गुरुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पुरुर में शाला त्यागी बच्चों को स्टेशनरी किट दिया गया। कदम कार्यक्रम के तहत शालात्यागी बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा में लाने के लिए एवं ज्ञानात्मक अंतर को दूर करने के लिए स्टेशनरी किट दिया गया। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चा विद्यालय आए और शिक्षा के मुख्य धारा से जुड़ें तथा ज्ञान में वृद्धि हो। कार्यक्रम में संस्था से अर्नब गांगुली एवं राकेश सोनवानी भी उपस्थित रहे एवं विद्यालय से प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के तहत किए जा रहे हैं विविध आयोजन

# ग्लूकोमा के लक्षण व कारण के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई जिला बालोद अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 9 से 15 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन जिले के समस्त विकासखण्ड में आयोजन किया जा रहा है।

जिलाधीश इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी के निर्देशानुसार व सिविल सर्जन डॉ. श्रीमाली, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा एवं जिला सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखण्ड में 9 से 15 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जाना है। जिस हेतु जिला चिकित्सालय बालोद में कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें जिला सहायक नोडल अधिकारी



अनिल कुमार सिन्हा द्वारा ग्लूकोमा के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला गया। नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा इस अवधि में जनसामान्य को ग्लूकोमा की जानकारी दी जाएगी तथा 40 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के आंखों की स्क्रीनिंग कर तथा नजदीक नजर (प्रेशबायोपिक चश्मा) वितरण किया जाना है।

अंधत्व से संबंधित सभी रोगों की जांच जैसे ग्लूकोमा, मोतियाबिंद, कांचबिंद डायबेटिक रेटिनोपैथी, कार्निलय ब्लॉईड, दृष्टि दोष की पहचान कर ईलाज किया जाना है। गंभीर बीमारी के मरीजों को जिला चिकित्सालय ईलाज एवं आगे जॉच हेतु भेजा जावेगा। ग्लाकोमा (काला मोतियाबिंद) एक गंभीर बीमारी है जो धीरे-धीरे ऑख की रोशनी को कम कर देता है। ग्लूकोमा में ऑखों में दर्द, लाल होना, रोशनी रंगीन दिखाई देना, आंखों में तेज दर्द तथा दृष्टि का कम होना पाया जाता है यह एक ऐसी बीमारी है जिसमें जितना रोशनी कम हो गया उसे वापस नही लाया जा सकता सही समय पर ईलाज से आगे दृष्टि को बचाया जा सकता है।

### बालोद में हुई जिलास्तरीय कार्यशाला

उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला चिकित्सालय बालोद में आयोजित किया गया था। जिसमें जिले में पदस्थ डॉ. बीएल. रात्रे, डॉ. एमके साव, डॉ. कल्याण सिंह, नेत्र सहायक अधिकारियों मुकेश कुमार साहू, कुशल साहू, टकेश्वरी देवांगन, चन्द्रप्रकास मिरी व पिन्की साहू स्टाफ नर्स, सुनीता देवदास, शैलेन्द्री नेताम, सोनी स्टाफ नर्स, प्रमोद साहू, लेखापाल, विजय देवदास, तीरथ पटेल, रवि सिहारे, थानेश चंद्रवंशी, धनेश कुमार साहू, रूपलाल यादव उपस्थित थे।

## युवक ने लगाई फांसी

**बालोद।** एक तरफ जहां सभी तरफ होली त्यौहार की खुशियां मनाने की तैयारी में लोग जुटे हुए हैं तो दूसरी ओर ग्राम सिरसिदा में एक 38 वर्षीय युवक चंद्रशेखर ठाकुर ने अपने घर के पीछे बाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया घटना कल बुधवार बताया जा रहा है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। रनचिरई पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# एक्सपायरी डॉट से बायसन की मौत, डॉक्टर को मूल विभाग में भेजने तीसरी दफा लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक्सपायरी डॉट लगाने की वजह से बायसन की मौत के जिम्मेदार डॉक्टर राकेश वर्मा को उनके मूल विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास में वापस भेजने विभागीय अफसरों ने वनमंत्री केदार कश्यप को तीसरी दफा पत्र लिखा है। बावजूद इसके डॉक्टर को उनके मूल विभाग में नहीं भेजा गया है।

खास खबर

बायसन की मौत के बाद डॉ. वर्मा के सारे प्रभार छीन लिए गए हैं। ऐसे में वन्यजीवों की सुरक्षा महज एक डॉक्टर पीके चंदन के भरोसे चल रही है। डॉ. वर्मा का संविलियन जब तक निरस्त नहीं हो जाता, तब तक नए वन्यजीव डॉक्टर की नियुक्ति कर पाना संभव नहीं है। जनवरी में जंगल सफारी से एक मादा सब एडल्ट बायसन को ट्रांसलोकेट कर गुरु घासीदास नेशनल पार्क के लिए रवाना किया गया था। बायसन को बेहोश करने के बाद होश में लाने जो डॉट लगाए गया था, वह एक्सपायरी था, जिसकी वजह से बायसन होश में नहीं आया और उसकी बेहोशी की हालत में रास्ते में मौत हो गई। एक्सपायरी डॉट लगाने से बायसन की मौत की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में विभागीय अफसरों ने डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इसके साथ ही डॉक्टर के सारे प्रभार छीन लिए गए।

- पत्र में डॉक्टर की गलत तरीके से प्रतिनियुरक्ति करने का उल्लेख
- वर्तमान में वन्यजीवों का स्वास्थ्य एक डॉक्टर के भरोसे चल रहा


बायसन को ट्रेंक्यूलाइज करने मार्फिन की तीन से आठ हजार गुना ज्यादा हैवी डोज दी गई थी
बायसन को होश में लाने जो दवा दी गई थी वह कालातीत, उसी से मौत, डॉक्टर को नोटिस

*हिमालयन भालू की मौत भी लापरवाही का नतीजा : पिछले महीने नागालैंड जूलॉजिकल पार्क से जंगल सफारी के लिए हिमालयन भालू लाया जा रहा था, जिसकी सफारी पहुंचने से पहले रास्ते में मौत हो गई थी। उस भालू को लाने के समय मॉनिटरिंग डॉ. वर्मा कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक भालू को रास्ते में मूलभूत सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य परीक्षण नहीं मिल पाने की वजह से भालू की मौत हुई थी।*

### गलत तरीके से प्रतिनियुक्ति

विभागीय सूत्रों के मुताबिक एसीएस ऋचा शर्मा ने विभागीय मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिखा है। पत्र में एसीएस ने डॉक्टर वर्मा की प्रतिनियुक्ति गलत तरीके से किए जाने की बात का उल्लेख किया है। बावजूद इसके डॉक्टर के खिलाफ शासन स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### आईएफएस ने एफआईआर दर्ज करने की थी अनुशंसा

डॉ. वर्मा के खिलाफ बायसन को एक्सपायरी डॉट लगाकर बायसन को मारने तक का ही आरोप नहीं है, उनके खिलाफ वर्ष 2017-18 में वसुंधरा नामक लॉयन की मेटिंग कराकर गर्भधारण कराने का आरोप है। इस मामले में डॉक्टर ने अपने आपको बचाने के लिए सरकारी दस्तावेज में कूटरचना करने तक की साजिश की थी। दस्तावेजों में कूटरचना करने की वजह से जंगल सफारी प्रबंधन ने डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तक की अनुशंसा की थी, जिस पर अब तक किसी तरह से कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## खबर संक्षेप



### पिछड़ा वर्ग ने मनाया होली मिलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग विकास संगठन द्वारा बुधवार को विभिन्न स्थानों पर शांति सौहाद्र बनाए रखने के लिए होली मिलन समारोह हुआ, जिसमें संजय नगर, संतोषी नगर, मठपारा, टिकरापारा सहित अनेक जगहों पर मनाया गया, जो आगे भी जारी रहेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने खूब नगाडा बजाया और समाज प्रमुखों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये जिसमें पारंपरिक फाग गीत मुख मुरली बजाए भगवान कृष्ण पर आधारित था इसी प्रकार से दुकालू यादव द्वारा गाए गए गीत ऑटो वाले भाटो जैसे अनेक प्रचलित गीत आकर्षण के केंद्र रहे। कुमार सोनकर, पवन विश्वकर्मा आदि अनेक सामाजिक मुखिया ने अपने गायन की प्रस्तुति की जिससे सभी समाज जन मंत्र मुक्ध हो गए।

### भारतमाला परियोजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच हो

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू जी ने भारतमाला परियोजना में हुई गड़बड़ी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि भारतमाला परियोजना में



बहुत बड़ी गड़बड़ी हुई है। और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। उनका कहना है कि अधिसूचना जारी होने के बाद रकबे का टुकड़ा किया गया। जमीन एक बार अधिग्रहित की गई थी उसे दोबारा भूअर्जन किया गया, जिसे मुआवजा मिलना था उसे ना देकर दूसरे को मुआवजा दिया गया। जमीन के 13 मूल खाताधारकों के खसरे को 54 टुकड़ों में बांटा गया।

## कालीबाड़ी चौक पर भीख मांगो पेट भरो अभियान चलाया

# फुटकर पथ विक्रेताओं ने व्यवस्थापन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अनुपम गार्डन से एनआईटी तक सड़क किनारे ठेला, गुमटी लगाकर परिवार का पालन पोषण करने वाले फुटकर पथ विक्रेताओं ने बुधवार को कालीबाड़ी चौक पर प्रदर्शन किया। हाथ में तख्तियां लेकर ये लोग उचित व्यवस्थापन की मांग करने जुटे। इनका कहना है, निगम प्रशासन ने इन्हें पुरानी जगह से हटाकर आमानाका ओवरब्रिज के नीचे व्यवस्थापित कर दिया है। इससे उनके सामने आजीविका की समस्या उठ खड़ी हुई है। प्रभावित फुटकर विक्रेताओं ने भीख मांगो पेट भरो अभियान चलाकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया।

- अनुपम गार्डन से एनआईटी तक सड़क किनारे कारोबार करने वाले वेंडर शामिल

पथकर विक्रेता कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हॉकर फेडरेशन और फुटकर फुटपाथ व्यापारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अनुपम गार्डन से एनआईटी के सामने फुटकर व्यवसाय करने वाले पथकर विक्रेताओं ने भूख मिटाने भीख मांगो अभियान चलाया। नेशनल हॉकर फेडरेशन के उपाध्यक्ष गौतम बंदोपाध्याय और वीरेन्द्र पांडे के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में प्रभावित फुटकर विक्रेता शामिल हुये। गौतम बंदोपाध्याय ने बताया कि शहर में ठेले और खोमचे लगाकर व्यवसाय करने वाले 40 हजार से अधिक फुटकर पथ विक्रेता सड़क किनारे फुटपाथ पर खड़े होकर छोटा-मोटा काम कर परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने गत दिनों एक निर्देश जारी किया है कि इन पथ विक्रेताओं को पहचान पत्र दिया जाये। साथ ही टाउन वेंडिंग कमेटी बनाकर शहरभर में वेंडिंग जोन तय कर इन्हें व्यवस्थापित किया जाये। जब तक इन वेंडरों का व्यवस्थापन नहीं हो जाता, तब तक वे जहां व्यवसाय कर रहे हैं, वहां से बेदखल न किया जाये, पर नगर निगम प्रशासन इन निर्देशों की अवहेलना कर रहा है।





### 200 से ज्यादा फुटकर विक्रेता प्रभावित

श्री बंदोपाध्याय ने कहा कि 15 फरवरी 2025 को बलपूर्वक पथ विक्रेताओं का ठेला व सामान बिना पावती दिये उठाकर ले गये और सैकड़ों फुटकर विक्रेताओं का व्यवसाय बंद कर दिया गया। अनुपम गार्डन से एनआईटी के सामने सड़क के दोनों तरफ करीब 200 से ज्यादा फुटकर विक्रेता इससे प्रभावित हुये हैं। उनके सामने भीख मांगने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। इसीलिए पथ विक्रेता कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हॉकर फेडरेशन और फुटकर फुटपाथ व्यापारी संघ ने तय किया कि शहर के अलग-अलग हिस्से में भीख मांगकर विरोध जताते हुए उचित व्यवस्थापन की मांग करेंगे।

### धार्मिक यात्रा के लिए 1200 सिख व सिंधी जत्था रवाना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा आयोजित हजूर साहिब नांदेड़ व गुरुद्वारा नानक झीरा बिदर की निशुल्क धार्मिक यात्रा के लिए बुधवार को रायपुर रेलवे स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा से जत्था रवाना हुआ। इसे नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने हरी झंडी दिखाते हुए शुभारंभ किया। मोनू सलूजा ने बताया कि यात्रा का यह 24वां वर्ष है। इसमें 1200 सिख, सिंधी एवं हिंदू श्रद्धालु शामिल हैं। इनके लिए 13 बसों व 4 ट्रकों की व्यवस्था निःशुल्क धार्मिक यात्रा के लिए की गई है। यात्रा रायपुर से राजनांदगांव गुरुद्वारा पहुंचने पर विश्राम एवं लंगर करेगी। 13 को श्रद्धालु नांदेड़ पहुंचेंगे, जहां गुरुद्वारों का दर्शन करने के बाद आगे बढ़ेंगे। सेवादारों में दलजीत सिंह चावला, हरपाल सिंह भामरा, गुरुचरन सिंह टैंक, गुरमुख सिंह होरा, अमरजीत सिंह चावला प्रमुख हैं। 18 को रायपुर पहुंचेंगे श्रद्धालु इनमें गुरुद्वारा माता साहिब कौर, शिकार घाट, नानकसर, रतनगढ़, हिरा घाट, माल टेकरी एवं लंगर साहिब प्रमुख हैं। 15 को सचखंड हजूर साहिब में होला महल्ला का आयोजन होगा। इसके बाद यात्रा बिदर रवाना होगी।

पेज 11 के शेष

### जीवन बचाने पानी ...

इस दौरान जन सहयोग एवं विभिन्न विभागों के सामूहिक भागीदारी से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ग्रामीणों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने पिछले वर्ष गुरूर विकासखण्ड के लोगों के द्वारा जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु किए गए बेहतरीन कार्य की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के जल जतन अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए गुरूर विकासखण्ड के लोगों ने बहुतायत में ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों का उत्पादन किया है, जो कि बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर उन्होंने दलहन एवं तिलहन फसलों के लिए मार्केटिंग की भी व्यवस्था करने की बात कही। चन्द्रवाल ने ग्रामीणों को पानी की महत्व की जानकारी देते हुए प्रत्येक घरों में सोख्ता गड्ढा का अनिवार्य रूप से निर्माण करने तथा पानी का उपयोग बहुत ही सोंच समझकर करने को कहा।

**आने वाली पीढ़ी के लिए भी बचाना होगा जल:** इस अवसर पर चन्द्रवाल ने गुरूर विकासखण्ड के सभी गांवों में जल वाहिनी समिति का गठन होने पर प्रसन्ता भी व्यक्त की। उन्होंने ग्रामीणों को पानी का बचत कर तथा इसका सदुपयोग कर अपने आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के निर्माण के पुनीत कार्य में अपनी अमूल्य सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने उपस्थित लोगों को जल जतन अभियान तथा पानी के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चत करने हेतु शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत डांडेसरा एवं जनपद पंचायत गुरूर के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




















































संकलनकर्ता - असवन (यशवंत) साहू, लाटाबोड़ मो. 9977336676, 9893515195

## खबर संक्षेप



### अभियान चलाकर तालाब सफाई करने दिए निर्देश

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा पार्षद जिंतेंद्र ताम्रकर, पार्षद निलेश अग्रवाल, श्रीमती शशि साहू व अधिकारियों के साथ लुचकी तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने कहा कि लुचकी तालाब के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व के साथ साथ शहर के हृदय स्थल में स्थित होने के कारण यह तालाब बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। लुचकी तालाब का निरन्तर साफ़-सफाई होते रहना चाहिए। साथ ही साथ तालाब के पानी को स्वच्छ रखने हेतु दवाई का छिड़काव करने के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने वार्ड पार्षद सहित रहवासियों से आग्रह किया किया की तालाब हम सबका है, हम सबको मिलकर तालाब को साफ़ सुथरा और सुंदर रखना है। उन्होंने कहा कि शहर के अन्य निस्तारी तालाबों की भी सफाई योजना बनाकर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जितेन्द्र ठाकुर, आसिफ़ अली सैय्यद, रजनीश श्रीवास्तव, हेमंत गोयल, नितेश जैन, उमेश गिरी व अलावा वार्डवासी उपस्थित रहें।

### सीमा को पीएचडी की उपाधि मिली

**दुर्ग।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ से सीमा अंचल को पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्हें 'महादेवी वर्मा के साहित्य में नारी चेतना ' विषय पर हिंदी में पीएचडी प्रदान की गई है। सीमा ने यह उपाधि डॉ. कल्याणी जैन प्राध्यापक हिंदी शासकीय बिलासा कन्या स्नाताकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है। बता दें उन्होंने राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय संगोष्ठियों में सक्रिय सहभागिता निभाई है। अभी वे शासकीय नवीन महाविद्यालय नगपुरा, जिला दुर्ग में अतिथि प्राध्यापक हिंदी के रूप में कार्यरत हैं।

### शुष्क दिवस घोषित करने मांग

**दुर्ग।** साहू तैलिक समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार से एक दिवसीय शुष्क दिवस घोषित कर प्रदेश के सभी शराब की दुकानों और होटल में बार बंद करने की मांग जिला साहू संघ दुर्ग के युवा प्रकोष्ठ दुर्ग के संयोजक मुकेश साहू ने की है।

## निधन

### जानकी देवी सोनी



**डोंडी।** नगर की वरिष्ठ नागरिक जानकी देवी सोनी 84 साल का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के धोबी नाला मुक्तिधाम में शाम को किया गया। वे स्व रिखीराम सोनी की धर्मपत्नी तथा संतोष, गिरीश सोनी की माँ और पीयूष सोनी की नानी थीं।

## आयोजन

**प्रशिक्षण का मकसद है बालिकाओं में आत्म विश्वास और सुरक्षा की भावना पैदा करना**

# रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण लेने में जुटीं छात्राएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में छात्राओं को इन दिनों रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि ये बेटियां मनचलों को खुद सबक सिखा सकें। गांव हो या शहर बेटियों को साथ होने वाली छोटी बड़ी घटनाओं, छेड़खानी जैसे अपराधों के दौरान ये बेटियां अब असामाजिक तत्वों का मुकाबला कर सकेंगी।

यह आत्मरक्षा की विधियां सिर्फ पढ़ाई तक नहीं बल्कि जीवन भर काम आएगी। दयालुराम पिकेश्वर प्रधानपाठक ने बताया स्कूल में पढ़ने कक्षा छठवीं से आठवीं तक की छात्राएं आत्मरक्षा के गुर सीख रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मकसद छात्राओं में



आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना पैदा करना है। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण स्कूलों पढ़ने वाली बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर राज्यपाल पुरुस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मूल मकसद बालिकाओं में आत्म विश्वास और सुरक्षा की भावना पैदा करना है। लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण आत्मरक्षा न केवल लड़कियों को शारीरिक हमलों के खिलाफ खुद का बचाव करने का अनुमति देती है, बल्कि यह उनके दैनिक जीवन में विभिन्न लाभों को जन्म देती है।

### क्या-क्या सीख रहीं बेटियां

प्रशिक्षक द्वारा कक्षा छठवीं से आठवीं तक छात्राओं को प्रशिक्षण महिला शिक्षिका भूमिका मोवाड़े, प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर के देखरेख में आयोजित हो रहा है। इस प्रशिक्षण में मिडिल पंच, लोवर पंच, अपर पंच, मिडिल बूलक, लोवर ब्लाक अपर ब्लाक, मिडिल किक, लोवर किक, अपर किक, जूड़ो, कराटे, केट कराटे, फाइट कराटे और तीरंदाजी, किक बाक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में बेटियां दक्ष हो रहे हैं। इस तरह स्कूल से ही इन बालिकाओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा, जिससे बेटियों का आत्म बल बढ़ेगा।

# पेन भेंट कर पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर, दुर्ग में कक्षा पांचवी के बच्चों के लिए शाला परिवार की ओर से विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम छोटे बच्चों द्वारा कक्षा 5वीं के बच्चों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया। तीसरी, चौथी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर पांचवी के बच्चों को उपहार स्वरूप पेन भी उन्होंने भेंट की। कक्षा 5वीं के बच्चों ने भी अपने 5 वर्ष के शाला अनुभव को सभी बच्चों के समक्ष साझा किया तथा अपनी ओर से शाला को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में अपनी बात बच्चों के साथ साझा किए और आशीर्वाद प्रदान किए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मार्कण्डेय, स्मृति सोनी, भामिनी महार, ललित बाई साहू सभी ने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करके अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक संध्या शिवरामवर ने बिदाई के महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस मौके पर शाला के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर ने बच्चों को अनुशासित रहकर अपनी मंजिल तक जाने और बोर्ड परीक्षा के संबंध में बच्चों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भूषण गजपाल, यशवंत साहू, बीना देवांगन, उर्मिला चन्द्राकर,रमा यादव,उमेश्वरी साहू, शाला परिवार से नरेश गायकवाड़, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, रोशनी चन्द्राकर, टामिन साहू, डाली साहू सभी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन खिलेन्द्र यादव ने किया।

■ अच्छी पढ़ाई कर माता-पिता का नाम रोशन करने शिक्षकों ने किया प्रोत्साहित

# भगवानी राम बने मड़ियाकट्टा पंचायत के उपसरपंच



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत मडियाकट्टा में उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें भगवानी राम सिन्हा ने शोभाराम को हराकर उपसरपंच का के पद पर कब्जा जमाया। चुनाव अधिकारी प्रधान पाठक दयालु राम पिकेश्वर ने चुनाव करवाया, जिसमें दो प्रत्याशी भगवानी राम निषाद तथा शोभाराम ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें मतदान प्रश्चात भगवानी राम को 8 मत तथा शोभाराम को तीन मत प्राप्त हुआ। चुनाव अधिकारी दयालु राम पिकेश्वर ने भगवानी राम सिन्हा को उपसरपंच घोषित किया व प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिसमें सभी उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने भगवानी राम को बधाई दी। इस अवसर पर आनन्द राम रावटे सरपंच, रणजीत मण्डावी पंच, सोमजी मण्डावी पंच, शोभा राम मण्डावी पंच, प्रेमबती रावटे पंच, जानकी बाई चंदेल पंच, अंजली बाई पंच, सीमा बाई पंच, रूखमणी बाई पंच, हेमीन बाई भुआर्य पंच सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



### सातो बाई बढ़ई बनीं उप सरपंच

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धनगांव के सरपंच रघुवीर सिंह पटेल एवं समस्त पंचगण निलेश, लक्ष्मण, बलीराम भुआर्य, जगमोहन पटेल, उषा साहू, श्याम सिंग मण्डावी, पुष्पा, शातिबाई उइके सावित्री वर्ग, प्रमिला गवर्गर, लोकेश्वरी मसिया, गरिबा केराम, सगनी निषाद की उपस्थिति में उपसरपंच का चुनाव किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत धनगांव में सातो बाई बढ़ई को उपसंरपच निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामवासियो में खुशी जाहिर की।

# पिछड़ा वर्ग के होली मिलन में निर्मलकर ने खूब बजाया नगाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग विकास संगठन ने विभिन्न स्थानो पर शान्ति सौहाद्र बनाये रखने होली मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा। जिसमें संजय नगर, संतोषी नगर, मठपारा, टिकरापारा सहित अनेक जगहों पर मनाया गया जो आगे भी जारी रहेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने खूब नगाडा बजाया और समाज प्रमुखों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये जिसमें पारंपरिक फाग गीत मुख मुरली बजाए भगवान कृष्ण पर आधारित था इसी प्रकार से दुकालू यादव द्वारा गाए गए गीत ऑटो वाले भाटो जैसे अनेक प्रचलित गीत आकर्षण के केंद्र रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुर्मी समाज के युवा अध्यक्ष गोपाल वर्मा, मरार समाज के कर्मचारी संगठन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पटेल, देवांगन समाज के युवा अध्यक्ष चंद्रेश देवांगन, समाज के अध्यक्ष योगाचार्य महेंद्र वर्मा, बादल निर्मलकर, जोहनदास बंजारे, अशोक बंजारे, सोनकर समाज के अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर, घासीराम साहू, देवलाल साहू, रामाधार साहू, आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश नेताम, कुर्मी समाज के नेता भूखन वर्मा, राधेश्याम वर्मा, यादव समाज के महामंत्री झूमुख लाल यादव, मिथिलेश बरछिहा, घनश्याम यादव, विजय सिंह, अजय सिंह, अमर बिसेन, साधु राम चौहान, एचडी वैष्ण, घनश्याम फूटान, नंद कुमार सोनकर, पवन विश्वकर्मा आदि अनेक सामाजिक मुखिया ने अपने गायन की प्रस्तुति की जिससे सभी समाज जन मंत्र मुक्ध हो गए।

■ मुख मुरली बजाए, ऑटो वाले भाटो की रही धूम

# पशुपालन को आय का माध्यम बनाने कृषकों को किया गया प्रेरित

## जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव प्रदर्शन एवं गौ पूजन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ग्राम करहीभदर में कृषकों एवं पशुपालकों में पशुपालन के प्रति जागरूकता लाने, पशुपालन को आय का माध्यम बनाने एवं सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव प्रदर्शन एवं गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें विभिन्न प्रकार के पशु पशु पक्षियों दुधारू गाय, भैंस, बछड़ा-बछिया, बकरा-बकरी, मुर्गा-मुर्गी, बैल, भेड़ का प्रदर्शन हुआ, जिसमें उन्नत बछड़ा बछिया जिसमें दिलेश्वर पांडे कन्ने वाड़ा प्रथम, जगनू राम करही भदर दूसरा, भंवरलाल सिन्हा बरही तीसरा, सकर बछिया विजय साहू चिरचारी प्रथम, बैल जोड़ी सेवकराम सिन्हा करहीभदर प्रथम, भुजबल साहू सकरा दूसरा, हरख राम साहू करही भदर तृतीया, उन्नत नस्ल दुधारू पशु दिलेश्वर पांडे कन्नेवाड़ा प्रथम, झाड़ राम साहू करहीभदर द्वितीय, बकरा–बकरी हितेश कुमार परसोदा प्रथम, मुर्गा–मुर्गी योगेंद्र कुमार सिन्हा धबनपुरी प्रथम, भेड़ भेड़ी मे गुलाब दिल्लीवार धरमपुरा प्रथम, आरएस सिन्हा बरही द्वितीय, बदक प्रदर्शनी मे सुलोचना रावटे कन्नेवाड़ा प्रथम, डॉग प्रदर्शनी मे सुलोचना रावटे प्रथम, बैल जोड़ी मे हरख राम साहू करहीभदर प्रथम, भुजबल साहू सांकरा द्विती, एसआर सिन्हा तृतीय रहे, क्लोर मे चिंता राम देवांगन हथौद प्रथम, डिलेश्वर पांडे कन्नेवाड़ा द्वितीय लोकेन्द्र डडसेना करहीभदर तृतीय रहे, इसी प्रकार गुरुर कोसागोंदी से आए पन्नूलाल साहू को कृत्रिम गर्भधारण से उत्पन्न पुगनूर नस्ल की बछिया को अति विशिष्ट पुरस्कार एवं आए हुए समस्त पशुपालकों को संतावना पुरस्कार दिया गया है। जिसमें कार्यक्रम में जनपद सदस्य लोकेश डडसेना, सरपंच करही भदर बसंत तारम, पूर्व सरपंच करहीभदर लीलाराम डड़सेना, समिति अध्यक्ष भोमराज साहू, पटेल करहीभदर लीलेश्वर पटेल, वेटरिनरी विभाग से उपसंचालक डीके सिहरे, डॉ अभिषेक मिश्रा, डॉ बीके विश्वकर्मा, डॉ पवन गुप्ता, डॉ कमलेश ठाकुर, डॉ शीतल ठाकुर, डा सुरेंद्रनाथ्यक, डॉ जीटी कौशल, डॉ भुवन नायक, डॉ मिलिन्द्र कचलाम डॉ चुणमणी चन्द्राकर डॉ सुमीत जोशी, डॉ बीके विश्वकर्मा सहित पशु चिकित्सा विभाग के दुष्यंत कुमार साहू, चेतन मिश्रा, कुणाल ठाकुर, लक्ष्मी साहू, केएम चंद्राकर, अशोक देवांगन, विकास देवांगन, श्रद्धा विश्वकर्मा, चित्रंगदा सुरेंद्र, अहमद खान, विकास श्रीवास्तव, वीरेंद्र ठाकुर, नारायण साहू, राहुल, किशोर साहू, हेमंत साहू गोचंद मांडवी, दौलत साहू, जंजीर, नरेंद्र, योगेश, संतोष के साथ ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### शासन की योजनाओं की दी गई जानकारी

उपसंचालक पशु डॉ डीके सिहारे ने ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य पशुपालन के प्रति कृषकों को जागरूक करने, पशुओं में नस्ल सुधार करने पशु पालन को कृषकों का अतिरिक्त किन्तु मजबूत आय का माध्यम बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया है। शिविर के माध्यम से पशु पालक जानकारी प्राप्त कर उन्नतशील पशु पालक बन सकते है। डॉ सिहारे ने कहा कि गौवंश के पालन से कृषकों को अपनी खेत के लिए कंपोस्ट खाद भी मिलेगा। इससे कृषकों की खेती की लागत कम होगी।

# विद्युत पोल लगने से वार्डवासियों को समस्या से मिली निजात



**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौंडीलोहारा के पूर्व अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू और पूर्व पार्षद दशोदा भुआर्य के प्रयास ने वार्ड वासियों की मांग पर विद्युत पोल विस्तारीकरण कार्य अपने पार्षद निधि से पूर्ण कराये, जिसमें दो नग विद्युत पोल वार्ड क्रमांक 13 में अलग-अलग स्थानों पर लगाया गया। इससे उक्त स्थान में आम नागरिकों के लिए प्रकाश की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होगी और प्रधानमंत्री आवास बनाने में भी लोगों को सुविधा मिलेगी, क्योंकि पूर्व में विद्युत तार घर के ऊपर से गया हुआ था, जो की पोल लगने से व्यवस्थित हो गया है। अब आम नागरिकों को राहत मिलने लगी, वार्ड वासियों ने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू और पूर्व पार्षद दशोदा भुआर्य की कार्यप्रणाली की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किए। आभार व्यक्त करने वालों में लक्ष्मी सोनी, मोना यादव, बिरजाबाई, भूषण निषाद, अनीता सोनी, बोधन सिंह, देवा राम, रानी कोसमा व अन्य वार्ड वासी शामिल रहे।

### अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को सीईओ ने दिलाई शपथ

**दुर्ग।** जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्य नवनिर्वाचित होने बाद जिला पंचायत में प्रथम सम्मिलन आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे एवं उपसंचालक काव्या जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मौजूदगी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद जिला पंचायत के सदस्य जिसमें दानेश्वर दालू साहू, उषा सोनवानी, जितेन्द्र यादव, सुश्री प्रिया साहू, आशा विक्की मिश्रा, श्रद्धा साहू, देवेन्द्र चंद्रवंशी, नीलम राजेश चंद्राकर, श्रीमती नोमिन ठाकुर ने शपथ ली। उल्लेखनीय है कि, जिला पंचायत बहुमुखी, बहुआयामी, शासकीय कार्यालय है, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर किया जाता है। केन्द्र तथा राज्य शासन की विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं का संचालन किया जाता है।










